# Code No. 3301

**CLASS : 9th (Ninth)** **Series : 9/Annual Exam.-2026**

***Roll No.*** ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐

## हिन्दी

(Only for Fresh/School Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** तथा प्रश्न **15** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में सबसे ऊपर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

**नोट :** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिये गये हैं।*

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

### खण्ड – क

**1.** व्याकरण पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 7 = 7$

(क) 'कहे कवि बेनी-बेनी व्याल की चुराई लीनी' – पंक्ति में प्रयुक्त अंलकार का नाम बताइए :

(i) अनुप्रास (ii) श्लेष

(iii) उपमा (iv) यमक



www.mseducationtv.com

(ख) 'उद्घाटन' शब्द में उपसर्ग है :

(i) उद्
(ii) उत्
(iii) आटन
(iv) अद

(ग) अं और अः ........... कहलाते हैं।

(घ) 'चतुर' का पर्यायवाची है :

(i) प्रवीण
(ii) प्रधान
(iii) सुरपति
(iv) श्रेष्ठ

(ङ) संविधान के अनुच्छेद ............... के अनुसार हिन्दी भाषा को भारत की राजभाषा का दर्जा प्राप्त हुआ था।

(च) 'स्फूर्ति' का विलोम बताइए।

(छ) निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द तत्सम *नहीं* है ?

(i) मृत्तिका
(ii) विकार
(iii) कपूर
(iv) कपाट

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए : $2 \times 4 = 8$

(क) 'र' के विभिन्न रूपों का प्रयोग करते हुए कोई ***चार*** शब्द बनाइए।

(ख) मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए :

(i) आस्तीन का साँप
(ii) हाथ-पाँव फूलना

(ग) कर्मधारय समास किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित समझाइए।

(घ) क्रिया-विशेषण और विशेषण के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।



www.mseducationtv.com

3. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर निबंध लिखिए : 5

(क) आत्मनिर्भर भारत

(ख) एक भारत – श्रेष्ठ भारत

(ग) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020

(घ) समाचार-पत्र : ज्ञान का सशक्त माध्यम

(ङ) बाढ़ : एक प्राकृतिक आपदा

(च) जन-जन की भाषा हिन्दी

4. विद्यालय में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करने हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

बड़े भाई को अपने जीवन की भावी योजनाओं के विषय में पत्र लिखिए।

## खण्ड – ख

5. क्षितिज भाग–1 **(काव्य-खण्ड)** के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 6 = 6$

(क) श्रम रूपी छप्पर उड़ जाने से मनुष्य को किसकी प्राप्ति होती है ?

(i) भगवान की (ii) ज्ञान की

(iii) धन की (iv) मोह की

(ख) कवयित्री ललद्यद को कौन-से घर जाने की चाह है ?

(i) अपने घर (ii) संतों के घर

(iii) परमात्मा के घर (iv) स्वर्ग में

(ग) गोपियाँ स्वयं को किसके सामने विवश पाती हैं ?

(i) बाँसुरी की धुन (ii) श्रीकृष्ण की मुस्कान

(iii) मोर पंख (iv) गोधन



www.mseducationtv.com

(घ) 'कैदी और कोकिला' कविता में किसकी हुँकार कवि को सर्पिनी जैसी प्रतीत होती है ?

(i) पहरेदारों की (ii) सर्प की

(iii) चोरों की (iv) कोयल की

(ङ) कवि के अनुसार बच्चों की रंग-बिरंगी किताबों को किसने खा लिया है ?

(i) चीटियों ने (ii) दीमकों ने

(iii) कीड़ों ने (iv) मधुमक्खियों ने

(च) मेघ किसकी तरह लम्बे समय के बाद बन-सँवर के लौटा है ?

(i) दूल्हे की तरह (ii) मेहमान की तरह

(iii) राजनेता की तरह (iv) दामाद की तरह

**6.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

मोरपखा सिर ऊपर राखिहौं गुंज की माल गरें पहिरौंगी।
ओढ़ि पितंबर लै लकुटी बन गोधन ग्वारिन संग फिरौंगी।।
भावतो वोहि मेरो रसखानि सो तेरे कहें सब स्वाँग करौंगी।
या मुरली मुरलीधर की अधरान धरी अधरा न धरौंगी।।

(क) काव्यांश के कवि और कविता का नाम बताइए।

(ख) गोपी मुरली को अपने होठों पर क्यों नहीं रखना चाहती है ?

(ग) गोपी कैसा स्वाँग धारण करना चाहती है ?

(घ) मुरलीधर कौन है ?

(ङ) गोपी गले में क्या पहनना चाहती है ?

**7.** मनुष्य ईश्वर को कहाँ-कहाँ ढूँढ़ता फिरता है ? 3

**अथवा**

'कैदी और कोकिला' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।



www.mseducationtv.com

**8.** गाँव को 'मरकत डिब्बे-सा खुला' क्यों कहा गया है ? 3

**9.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य लिखिए : 3

क्षितिज-अटारी गहराई दामिनी दमकी,
'क्षमा करो गाँठ खुल गई अब भरम की,
बाँध टूटा झर-झर मिलन के अश्रु ढरके।
मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के।

## खण्ड – ग

**10.** क्षितिज भाग-1 (गद्य-खण्ड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 6 = 6$

(क) किसके डर से नौकर ने बैलों के खाने में खली नहीं मिलायी ?

(i) झूरी (ii) गया

(iii) झूरी की पत्नी (iv) भैरो

(ख) जागीरों में बँटी जमीन का बड़ा हिस्सा किनके हाथों में था ?

(i) विहारों के (ii) मन्दिरों के

(iii) जमींदारों के (iv) राजाओं के

(ग) उपभोक्तावाद संस्कृति के कारण हम कैसी दासता स्वीकार करते जा रहे हैं ?

(i) राजनीतिक दासता (ii) सांस्कृतिक दासता

(iii) सामंती दासता (iv) बौद्धिक दासता

(घ) 'साँवले सपनों की याद' किस प्रकार की विधा है ?

(i) संस्मरण (ii) उपन्यास

(iii) यात्रा वृत्तांत (iv) निबन्ध



www.mseducationtv.com

(ङ) 'गोदान' उपन्यास का मुख्य पात्र कौन है ?

(i) प्रेमचंद (ii) होरी

(iii) माधो (iv) हल्कू

(च) 'महादेवी वर्मा' को पंचतंत्र किसने पढ़ना सिखाया ?

(i) माँ ने (ii) बाबा ने

(iii) पिताजी ने (iv) नाना ने

**11.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1 × 5 = 5

अगर ईश्वर ने उन्हें वाणी दी होती, तो झूरी से पूछते – तुम हम गरीबों को क्यों निकाल रहे हो ? हमने तो तुम्हारी सेवा करने में कोई कसर नहीं उठा रखी। अगर इतनी मेहनत से काम नहीं चलता था तो और काम ले लेते। हमें तो तुम्हारी चाकरी में मर जाना कबूल था। हमने कभी दाने-चारे की शिकायत नहीं की थी। तुमने जो कुछ खिलाया वह सिर झुकाकर खा लिया, फिर तुमने हमें इस जालिम के हाथ क्यों बेच दिया ?

(क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ व लेखक का नाम बताइए।

(ख) हीरा-मोती किसे जालिम कह रहे हैं ?

(ग) हीरा-मोती का अपने स्वामी के प्रति क्या भाव है ?

(घ) बैल किसी दूसरे के साथ क्यों नहीं जाना चाहते थे ?

(ङ) गद्यांश में से दो विदेशी शब्द चुनकर लिखिए।

**12.** राहुल सांकृत्यायन ***अथवा*** महादेवी वर्मा का जीवन परिचय देते हुए उनकी रचनाओं, साहित्यिक विशेषताओं एवं भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए। 5

**13.** **क्षितिज भाग-1 (गद्य-खण्ड)** के आधार पर किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 + 2 = 4

(क) लेखक ने उपभोक्ता संस्कृति को हमारे समाज के लिए चुनौती क्यों कहा है ?

(ख) 'साँवले सपनों की याद' शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'प्रेमचंद के फटे जूते' के आधार पर प्रेमचंद के व्यक्तित्व का वर्णन कीजिए।



www.mseducationtv.com

## खण्ड – घ

**14.** कृतिका (भाग-1) के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) शंकर का व्यक्तित्व कैसा है ? 3

अथवा

'रीढ़ की हड्डी' शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

(ख) बाढ़ की खबर सुनकर लोग किस तरह की तैयारी करने लगे ? 2

(ग) लेखिका की नानी की आजादी के आंदोलन में किस प्रकार की भागीदारी रही ? 2

## खण्ड – ङ

**15.** 'आदर्श जीवन मूल्य माध्यमा' के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 4 = 8$

(क) अर्जुन को ही श्रीकृष्ण का आश्रय क्यों मिला ?

(ख) बुद्धि पर संगति का क्या प्रभाव पड़ता है ?

(ग) कमल के पत्ते से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

(घ) सज्जन लोग अपने गुरुजनों के पास क्यों जाते हैं ?

(ङ) शिवाजी के जीवन से हमें क्या प्रेरणा मिलती है ?



www.mseducationtv.com